राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने गोवा की पूर्व राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 18 नवम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने गोवा की पूर्व राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि गोवा की पूर्व राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा, जो बिहार की एक ख्यातिप्राप्त विदूषी और महिला नेता थीं, के निधन से बिहार प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के राजनीतिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक जगत् को एक अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल ने कहा है कि श्रीमती सिन्हा एक गंभीर चिन्तक, लोक साहित्य एवं संस्कृति की मर्मज्ञ तथा लोकप्रिय महिला नेता थीं, जिन्हें समाज के सभी वर्गों का सम्मान प्राप्त था।

राज्यपाल ने पूर्व राज्यपाल श्रीमती सिन्हा की दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा उनके समस्त शोक–संतप्त परिजनों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....